बरेली, गुरुवार
28 फरवरी 2019
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

Page No : 10 TOP

फैमिली बिजनेस की चुनौतियों पर मंथन

रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की बैठक में मौजूद पदाधिकारी • जागरण

जासं, बरेली : रुहेलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से बुधवार को स्टेशन रोड स्थित होटल में चैलेंजेज ऑफ फैमिली बिजनेस इन द एज ऑफ डिसरपशन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

एकेटीयू के पूर्व उप कुलपति प्रोफेसर आरके खंडाल ने फैमिली बिजनेस की चुनौतियां के कारकों जैसे पारिवारिक रिश्तों में बदलाव, मार्केट डिसरपशन, संगठनात्मक बदलाव, स्वामित्व की चुनौती, रेगुलेटरी डेवलपमेंट, डिजिटल डिसरपशन आदि पर विस्तार से बताया। नए और अलग उत्पाद बनाने, इनोवेटर्स व ईको सिस्टम कैसे बनाए, इस पर भी वक्ताओं ने विचार रखे। आरएमए अध्यक्ष केके दमानी ने सभी का स्वागत किया। सचिव कदीर अहमद ने संस्था की गतिविधियों, उद्देश्यों के बारे में बताया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति को मैनेजमेंट एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया। संचालन डॉ. नीरज सक्सेना ने किया। इस दौरान डॉ. मनीष शर्मा, डा. विनय खंडेलवाल, डॉ. एमएल शर्मा, डॉ. स्वतंत्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।